जिलास्तरीय स्पर्धाओं के आखिरी दिन भिवानी की लड़कियों का रहा दबदबा

अंतिम दिन हुए तीरंदाजी, बॉक्सिंग, किक बॉक्सिंग, कुश्ती, चौक बाल, जूडो और योग के मुकाबले

भास्कर न्यूज | भिवानी

भीम स्टेडियम में लड़कियों की जिलास्तरीय खेलकूद स्पर्धा का शनिवार को समापन हो गया। तीसरे और अंतिम दिन कई रोचक मुकाबले हुए। भिवानी की लड़कियों का प्रतियोगिता में दबदबा रहा। आखिरी दिन स्पर्धा का शुभारंभ एईओ महेंद्र सिंह भादू ने किया।

अंतिम दिन हुए मुकाबलों में तीरंदाजी स्पर्धा के अंडर 14 आयुवर्ग में एसआरएस स्कूल भिवानी की निवेदिता, प्रगति, नैंसी व जोश का चयन हुआ। इसी प्रकार अंडर 17 आयुवर्ग में भी एसआरएस स्कूल की राजश्री, हिमांशी, शिवांशी, अनामिका व अंडर 19 आयुवर्ग में भी एसआरएस स्कूल की पूजा रितिका, रिदीमी व मंजू ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कैरम स्पर्धा में भी एसआरएस स्कूल की मानसी, श्वेता, अन्नु व एलएचवीएस स्कूल की रुचिका का चयन किया गया। तांग था स्पर्धा के अंडर 14 आयुवर्ग के 37 केजी में भिवानी की खुशबू, 41 में भिवानी की सपना, 45 में भी भिवानी की प्रियंका व 49 केजी में एसआरएस स्कूल की चेष्ठा ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 आयुवर्ग के 48 केजी में भिवानी की रेशमा व अंडर 19 आयुवर्ग के 50 केजी में दिनोद की आशा ने पहला स्थान प्राप्त किया।

लड़कियों के अंडर 19 आयुवर्ग की बॉक्सिंग स्पर्धा के 46 केजी में धनाना की नीतू ने, 48 केजी में देवराला की पूजा, 50 केजी में मकड़ाना की सोनिया, 52 केजी में मकड़ाना की ही प्रीति, 57 केजी में भिवानी की दिनेश,60 केजी में बौंद की मोनिका, 63 केजी में मंढोली की ज्योति, 66 केजी में पूजा व 70 केजी में रविना ने अपने मुक्का का लोहा मनवाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया।

किक बॉक्सिंग के अंडर 17 आयुवर्ग के 35 केजी में भिवानी की रितु, 40 केजी में भिवानी की सीमा, 45 केजी में भिवानी की सुषमा, 50 केजी में फतेहगढ़ की जसबीर, 55 केजी में भिवानी की ममता व 60 केजी में भिवानी की नीतू ने पहला स्थान प्राप्त किया।

अंडर 19 आयुवर्ग के 45 केजी में दिनोद की नीलम, 48 केजी में दिनोद की सीमा, 51 केजी में दिनोद की अन्नु व 54 केजी में पुर की प्रीति रानी ने पहला स्थान प्राप्त किया।

लड़कियों की कुश्ती स्पर्धा के 44 केजी में धारेड़ू की मीनू ने पहला, 48 केजी में भिवानी की मीनाक्षी ने,51 केजी में हड़ौदी की ऊषा सांगवान, 55 केजी में गोलागढ़ की प्रियंका, 59 केजी में आदमपुर की नीलम, 63 केजी में बहल की ममता,67 केजी में मंढाणा की कीर्ति व 72 केजी में मिसरी की वर्षा ने पहला स्थान प्राप्त किया।

चौक बाल स्पर्धा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चरखी दादरी ने पहला स्थान प्राप्त किया।

टेबल टेनिस के अंडर 14 आयुवर्ग में प्रिया, रसिका, यशु व ईशिका, अंडर 17 आयुवर्ग में संगीता, तन्नू, मुस्कान व लक्षिता व अंडर 19 आयुवर्ग में नेहा, आंचल, आरती व निकिता का चयन किया गया। जूडो स्पर्धा के अंडर 19 आयुवर्ग के 36 केजी में बामला की बीना, 40 केजी में शीलगीर की स्वीटी, 44 केजी में बामला की ममता,48 केजी में भी बामला की ममता, 52 केजी में बामला की रितु,56 केजी में बामला की सुमित्रा व 61 केजी में बामला की अमरजीत ने पहला स्थान प्राप्त किया।

योगा स्पर्धा के अंडर 14 आयुवर्ग में पूजा ने पहला, करिश्मा ने दूसरा महक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 आयुवर्ग में साधना, प्रीति व ललिता ने क्रमश पहला, दूसरा व तीसरा स्थान और अंडर 19 आयुवर्ग में अन्नु ने पहला, प्रीति ने दूसरा व नीलम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेश ढांडा, जिला प्रधान अजीत नागल, वीरेंद्र घणघस, अनिल सांगवान, मुकेश, सुनीता डीपी, वीरेंद्र अचीना, सोमदत्त शर्मा, मदन गोपाल, मनोज मोदी, जगदीश अहलावत, राजेश सिवाच सहित अनेक खिलाड़ी उपस्थित थे।